जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ / प्रशा / प्रवेश / 2022 / 5310 दिनांक 18/4/2022

// अधिसूचना //

सर्व संबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में वैवाहिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिये विवेकानन्द गार्डन, पर्यटन भवन के पीछे का मैदान, 20 क्वार्टर के सामने का मैदान, तिकोनिया पार्क, पुराना हेल्थ सेंटर के सामने का पार्क को विश्वविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को एवं बाहरी व्यक्तियों को किरायें पर देने के संबंध में माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित किया गया है अतः भविष्य में निम्नानुसार किराया / शुल्क वसूल किया जावेगा :-

कमांक	गार्डन का नाम	अ-शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारियों के पुत्र / पुत्रियों एवं उनके सगे भाई बहिनों के पुत्र पुत्रियों के लिये।	ब-विश्वविद्यालयअधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी की अनुशंसा पर बाहरी व्यक्तियो के लिए
1.	विवेकानन्द गार्डन	20,000 /- राशि / (विद्युत चार्ज सहित)	50,000 /-
2.	पर्यटन भवन के पीछे का मैदान	5,000 /- राशि / (विद्युत की व्यवस्था स्वयं करनी होगी)	20,000 /-
3.	20 क्वार्टर के सामने का मैदान	5,000 /- राशि / (विद्युत की व्यवस्था स्वयं करनी होगी)	20,000 /-
4.	तिकोनिया पार्क	5,000 /- राशि / (विद्युत की व्यवस्था स्वयं करनी होगी)	बाहरी व्यक्तियो का निषेध
5.	पुराना हेल्थ सेंटर के सामने का मैदान	5,000 /- राशि / (विद्युत की व्यवस्था स्वयं करनी होगी)	बाहरी व्यक्तियो का निषेध

शर्ते :-1- विश्वविद्यालय परिसर के समस्त गार्डनों में शादी समारोह एवं अन्य कार्यक्रम आयोजन करते है तो उक्त **किराया राशि पर 18% GST** अतिरिक्त जमा करनी होगी।

2- बाहरी व्यक्ति को तिकोनिया पार्क / हेल्थ केयर सेंटर निषेध कर बाकी गार्डनों में कार्यक्रम आयोजन करने की अनुमति प्रदान की जाती है साथ ही बिजली व्यवस्था स्वयं आयोजनकर्ता के द्वारा करनी होगी।

3– कार्यक्रम आयोजन उपरांत आयोजन स्थल की आयोजक को चाहे वह विश्वविद्यालय कर्मचारी हो या बाहरी व्यक्ति को आयोजन के उपरांत सफाई स्वयं को करानी होगी। **इस हेतु 5000/– (पांच हजार रूपये)** की राशि अलग से जमा करनी होगी। जो यंत्री विभाग द्वारा संतुष्टी का प्रमाण देने पर वापिस की जा सकेगी।

4– **सगे भाई बहिन के बच्चों के लिये संबंधितो के आधार कार्ड संलग्न करने होगें** जिससे यह सिद्ध हो सके कि यह विश्वविद्यालय के शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के सगे भाई बहिन है।

कुलपति के आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त संबंधित विभागाधिकारी, समस्त अध्ययनशालाऐं/अधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. विश्वविद्यालय यंत्री, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. सहा/उप–कुलसचिव, प्रशासन विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. श्री संजय बरतरिया ई0 गर्वनेस सेल, जीवाजी विश्वविद्यालय, की ओर इस आशय के साथ कि प्राप्त आदेश/अधिसूचना/सूचना/कार्यालयीन आदेश को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

सहा/उप–कुलसचिव (प्रशा0)